LATEST

NEWS

# Election

## Date : 24th Jan. 2026

# Office of Chief Electoral Officer Rajasthan

https:/election.rajasthan.gov.in/

Follow us on:

CEORAJASTHAN

हेल्पलाइन 1950

पंजाब केसरी
SAT,24 JANUARY 2026
EDITION: JAIPUR, PAGE NO. 1

# मैं शपथ लेता हूं कि...



जयपुर, 23 जनवरी (ब्यूरो): डीजीपी राजीव शर्मा ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय में मातहतों को लोकतंत्र के महापर्व की शपथ दिलाई। उन्होंने राष्ट्र के प्रति लोकतांत्रिक कर्तव्यों की याद दिलाकर लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शपथ ग्रहण समारोह आयोजित कराया। डीजीपी ने पुलिसकर्मियों को सामूहिक रूप से शपथ दिलाकर कहा कि मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि एक नागरिक का राष्ट्र के प्रति सबसे बड़ा कर्तव्य है। उन्होंने लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते हुए देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाकर स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया करवाने की बात कही।

दैनिक नवज्योति
Jaipur City - 24 Jan 2026 - Page 2

# मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में चित्रकला कार्यशाला

**नवज्योति, जयपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान एवं राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट, जयपुर के सहयोग से 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में चित्रकला कार्यशाला का आयोजन जवाहर कला केन्द्र की चतुर्दिक कला दीर्घा में शुक्रवार को किया गया। इसका उद्घाटन जयपुर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ.जितेन्द्र कुमार सोनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चित्रकला कार्यशाला आयोजित करने का मकसद मतदाताओं को जागरूक कर लोकतंत्र को मजबूत करना है। राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार खण्डेलवाल ने बताया कि प्रत्येक राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर यह चित्रकला कार्यशाला राज्य निर्वाचन विभाग द्वारा महाविद्यालय के सहयोग से प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। इस प्रतियोगिता में इस वर्ष राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट तथा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्राफ्ट एंड डिजाइन के 35 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों ने निर्वाचन विभाग द्वारा दी गई थीम विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर आधारित चित्र बनाए। इस कार्यशाला के संयोजक पंकज यादव, सहायक आचार्य ने बताया कि सर्वश्रेष्ठ 10 कृतियों को जिला मजिस्ट्रेट द्वारा पुरस्कृत किया गया। सभी चित्र 25 जनवरी को 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राजस्थान इन्टरनेशनल सेन्टर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में प्रदर्शित किए जाएंगे। जिसका उद्घाटन एवं अवलोकन राज्यपाल हरिभाऊ बागडे करेंगे।

FIRST INDIA

24 January 2026

# Rajasthan highlights election innovations at global forum

First India Bureau

New Delhi

A three-day global conference titled International Conference on Democracy and Election Management (IIC-DEM–2026) was held from January 21 to January 23, 2026, at Bharat Mandapam in New Delhi. The conference focused on democracy and election management and brought together election officials, experts, and stakeholders from India and abroad.

Chief Electoral Officer Naveen Mahajan stated that on Friday, a special session on the theme "Elections, Media and Voter Awareness" was organised by the Rajasthan Election Department as part of the conference. During this session, the Rajasthan Election Department shared its experiences, innovations, and best practices in the field of election management on an international platform. The session was moderated by Naveen Mahajan, Chief Electoral Officer, Rajasthan.



Naveen Mahajan, Chief Electoral Officer, Rajasthan addressing an event at Bharat Mandapam in New Delhi on Friday.

## DGP SHARMA ADMINISTERS OATH OF FEARLESS VOTING TO OFFICIALS AT POLICE HEADQUARTERS

Jaipur: On the occasion of National Voters' Day, a grand oath-taking ceremony was held at Police Headquarters to strengthen democratic values, in which Director General of Police Rajiv Sharma reminded the entire police force and officers of their democratic duties to the nation. Sharma stated that voting is not just a right, but a citizen's greatest duty to the nation. Responding to his call, hundreds of police officers raised their hands in unison and pledged to vote freely and fairly. Sharma emphasised that maintaining the dignity of free and peaceful elections is our collective responsibility. Officials pledged to free and fair voting without any fear or pressure.



# परिवहन कार्यालय में ली मतदाता दिवस की शपथ

बालोतरा | सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत परिवहन विभाग की ओर से निरंतर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

जिला परिवहन अधिकारी भगवान गहलोत ने बताया कि विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार शुक्रवार को परिवहन कार्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सभी कार्यालय कार्मिकों एवं आगंतुकों को मतदान की शपथ दिलाई गई। इस दौरान लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने एवं मतदान के महत्व पर जोर दिया गया।

साथ ही सड़क सुरक्षा अभियान के तहत परिवहन विभाग के प्रवर्तन दल प्रभारी भारत जांगिड़ ने हाइवे पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें विशेष रूप से माल वाहक वाहन चालकों को यातायात नियमों एवं सुरक्षित ड्राइविंग के संबंध में प्रशिक्षण एवं समझाइश दी गई।





# 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर विद्यालयों में मतदान शपथ कार्यक्रम आयोजित

मरू मंच न्यूज

**बालोतरा।** 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न राजकीय एवं निजी विद्यालयों में मतदान शपथ कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा निष्पक्ष, निर्भीक एवं जिम्मेदार मतदान के महत्व को समझाना रहा। विद्यालय परिसरों में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों को मतदान शपथ दिलाई गई। शपथ के माध्यम से सभी ने लोकतंत्र को सुदृढ़ करने, संविधान के प्रति निष्ठा रखने तथा प्रत्येक चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस युवाओं को मतदान के अधिकार और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे 18 वर्ष की आयु पूर्ण करते ही मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाएं तथा परिवार व समाज में भी मतदान के प्रति जागरूकता फैलाएं।

कार्यक्रमों के दौरान लोकतंत्र, मतदान प्रक्रिया एवं नागरिक जिम्मेदारियों पर संक्षिप्त उद्बोधन दिए गए। कई विद्यालयों में पोस्टर, नारे एवं संवादात्मक गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। आयोजन के माध्यम से जिले में लोकतांत्रिक चेतना को मजबूती देने की दिशा में सार्थक पहल की गई।

# पाटोदी: पोस्टर प्रतियोगिता व मतदान शपथ कार्यक्रम आयोजित

**पाटोदी/ नवज्योति।** राजकीय महाविद्यालय पाटोदी में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ और विद्यार्थियों को मतदान की शपथ दिलाई गई। सहायक आचार्य एवं मानव ज्योति सेवा संस्थान बालोतरा के डायरेक्टर डॉ. महेश चौहान ने कहा कि लोकतंत्र में व्यक्ति की वास्तविक शक्ति उसका मतदान का अधिकार है। डॉ.चौहान ने राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक नागरिक को जागरूक होकर मतदान करने का आह्वान किया, जिससे एक सशक्त और उत्तरदायी सरकार का निर्माण हो सके। सहायक आचार्य डॉ. पुष्पेंद्र ने भी कहा कि लोकतंत्र तभी सफल हो सकता है जब शत-प्रतिशत नागरिक अपनी भूमिका निभाते हुए मतदान करें। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए शपथ दिलवाई गई। इसके साथ ही एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कई छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कबू कुमारी और शारदा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रियंका कुमारी और ममता को द्वितीय स्थान मिला,जबकि रचना, देवी, कविता, आईना राजपुरोहित और प्रियंका कुमारी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया।प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मानव ज्योति सेवा संस्थान बालोतरा के डायरेक्टर डॉ. महेश चौहान की ओर से नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक आचार्य डॉ. पुष्पेंद्र ने किया। इस अवसर पर प्रतियोगिता के निर्णायक सहायक आचार्य डॉ. नाथूराम गोदारा, लीलाधर साहू सहित महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# बालोतरा: मतदान शपथ कार्यक्रम आयोजित

**बालोतरा/नवज्योति।** 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न राजकीय एवं निजी विद्यालयों में मतदान शपथ कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा निष्पक्ष, निर्भीक एवं जिम्मेदार मतदान के महत्व को समझाना रहा।

विद्यालय परिसरों में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों को मतदान शपथ दिलाई गई। शपथ के माध्यम से सभी ने लोकतंत्र को सुदृढ़ करने, संविधान के प्रति निष्ठा रखने तथा प्रत्येक चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस युवाओं को मतदान के अधिकार और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे 18 वर्ष की आयु पूर्ण करते ही मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाएं तथा परिवार व समाज में भी मतदान के प्रति जागरूकता फैलाएं।

कार्यक्रमों के दौरान लोकतंत्र, मतदान प्रक्रिया एवं नागरिक जिम्मेदारियों पर संक्षिप्त उद्बोधन दिए गए। कई विद्यालयों में पोस्टर, नारे एवं संवादात्मक गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया।





# परिवहन कार्यालय में ली गई राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ, माल वाहक चालकों को दिया गया सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण

मरू मंच न्यूज

**बालोतरा।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा निरंतर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिला परिवहन अधिकारी भगवान गहलोत ने बताया कि विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार आज परिवहन कार्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सभी कार्यालय कार्मिकों एवं आगंतुकों को मतदान की शपथ दिलाई गई। इस दौरान लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने एवं मतदान के महत्व पर जोर दिया गया। साथ ही सड़क सुरक्षा अभियान के तहत परिवहन विभाग के प्रवर्तन दल प्रभारी भारत जांगिड़ द्वारा हाइवे पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें विशेष रूप से माल वाहक वाहन चालकों को यातायात नियमों एवं सुरक्षित ड्राइविंग के संबंध में प्रशिक्षण एवं समझाइश दी गई।

कार्यक्रम के दौरान परिवहन विभागीय टीम द्वारा वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए तथा वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के महत्व, नियमों के पालन एवं दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई।

चालकों को गति सीमा, ओवरलोडिंग, सीट बेल्ट, हेलमेट एवं रात्रि में सुरक्षित वाहन संचालन के संबंध में भी जागरूक किया गया। डीटीओ गहलोत ने बताया कि सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत विभिन्न हितधारक विभाग आपसी समन्वय से आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रहे हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

परिवहन विभाग द्वारा यह अभियान निरंतर जारी रहेगा, ताकि सड़क पर दुर्घटनाओं की संभावना को न्यूनतम किया जा सके और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

**कार्यक्रम** • राजकीय महाविद्यालय पाटोदी में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन

# मतदाता दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता व शपथ कार्यक्रम

भास्कर न्यूज़ | पाटोदी

राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता व मतदान शपथ कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ और विद्यार्थियों को मतदान की शपथ दिलाई गई। सहायक आचार्य डॉ. महेश चौहान ने कहा कि लोकतंत्र में व्यक्ति की वास्तविक शक्ति उसका मतदान का अधिकार है। डॉ. चौहान ने राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक नागरिक को जागरूक होकर मतदान करने का आह्वान किया, जिससे एक सशक्त और उत्तरदायी सरकार का निर्माण हो सके।

सहायक आचार्य डॉ. पुर्ष्पेंद्र ने कहा कि लोकतंत्र तभी सफल हो सकता है जब शत-प्रतिशत नागरिक अपनी भूमिका निभाते हुए मतदान करें। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए शपथ दिलवाई गई। इसके साथ ही एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कई छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कबू कुमारी और शारदा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रियंका कुमारी व ममता को द्वितीय स्थान मिला। जबकि रचना, देवी, कविता, आईना राजपुरोहित व प्रियंका कुमारी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रतियोगिता के निर्णायक सहायक आचार्य डॉ. नाथूराम गोदारा, लीलाधर साहू सहित महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थी मौजूद रहे। संचालन सहायक आचार्य डॉ.पुर्ष्पेंद्र ने किया।



पाटोदी. मतदान की शपथ लेते हुए विद्यार्थी व अन्य।

# 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदान शपथ कार्यक्रम संपन्न

बालोतरा | 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न राजकीय व निजी स्कूलों में मतदान शपथ कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा निष्पक्ष, निर्भीक एवं जिम्मेदार मतदान के महत्व को समझाना रहा।

स्कूल परिसरों में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों को मतदान शपथ दिलाई गई। शपथ के माध्यम से सभी ने लोकतंत्र को सुदृढ़ करने, संविधान के प्रति निष्ठा रखने तथा प्रत्येक चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस युवाओं को मतदान के अधिकार व कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे 18 वर्ष की आयु पूर्ण करते ही मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाएं तथा परिवार व समाज में भी मतदान के प्रति जागरूकता फैलाएं। कार्यक्रमों के दौरान लोकतंत्र, मतदान प्रक्रिया एवं नागरिक जिम्मेदारियों पर संक्षिप्त उद्बोधन दिए गए। कई स्कूलों में पोस्टर, नारे एवं संवादात्मक गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। आयोजन के माध्यम से जिले में लोकतांत्रिक चेतना को मजबूती देने की दिशा में सार्थक पहल की गई।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 पर कार्यक्रम 25 जनवरी को

**सीमा किरण**

**श्रीगंगानगर।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 के अवसर पर कार्यक्रम 25 जनवरी 2026 को प्रातः 11.15 बजे राजकीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में छात्राओं और संगीतवादक दल द्वारा वंदे मातरम की प्रस्तुति दी जायेगी। स्वीप प्रभारी अधिकारी द्वारा उपस्थितजनों को शपथ दिलाई जायेगी। इस दौरान क्विज आयोजन और प्रतिभागियों में उपहार वितरण के पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उद्बोधन दिया जायेगा। नवीन मतदाताओं का सम्मान एवं एपिक कार्ड वितरण के पश्चात उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, संस्थाओं का सम्मान किया जायेगा।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 पर कार्यक्रम कल

प्रशान्त ज्योति न्यूज

**श्रीगंगानगर।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 के अवसर पर कार्यक्रम 25 जनवरी 2026 को प्रातः 11.15 बजे राजकीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में छात्राओं और संगीतवादक दल द्वारा वंदे मातरम की प्रस्तुति दी जायेगी। स्वीप प्रभारी अधिकारी द्वारा उपस्थित जनों को शपथ दिलाई जायेगी। इस दौरान क्विज आयोजन और प्रतिभागियों में उपहार वितरण के पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उद्बोधन दिया जायेगा। नवीन मतदाताओं का सम्मान एवं एपिक कार्ड वितरण के पश्चात उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, संस्थाओं का सम्मान किया जायेगा।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 पर कार्यक्रम 25 जनवरी को

**जनमार्ग न्यूज**

**श्रीगंगानगर।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 के अवसर पर कार्यक्रम 25 जनवरी 2026 को प्रातः 11.15 बजे राजकीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित किया जायेगा।

कार्यक्रम में छात्राओं और संगीतवादक दल द्वारा वंदे मातरम की प्रस्तुति दी जायेगी। स्वीप प्रभारी अधिकारी द्वारा उपस्थितजनों को शपथ दिलाई जायेगी। इस दौरान क्विज आयोजन और प्रतिभागियों में उपहार वितरण के पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उद्बोधन दिया जायेगा।

नवीन मतदाताओं का सम्मान एवं एपिक कार्ड वितरण के पश्चात उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, संस्थाओं का सम्मान किया जायेगा।

दैनिक भास्कर
श्रीगंगानगर भास्कर 24-01-2026

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यक्रम 25 को

श्रीगंगानगर| राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 के अवसर पर कार्यक्रम 25 जनवरी प्रातः 11.15 बजे राजकीय कन्या महाविद्यालय में होगा। कार्यक्रम में छात्राओं और संगीत वादक दल द्वारा वंदे मातरम् की प्रस्तुति दी जाएगी। स्वीप प्रभारी अधिकारी द्वारा उपस्थितजनों को शपथ दिलाई जाएगी। इस दौरान क्विज आयोजन और प्रतिभागियों में उपहार वितरण के पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उद्‌बोधन दिया जाएगा। नवीन मतदाताओं का सम्मान एवं एपिक कार्ड वितरण के पश्चात उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों व संस्थाओं का सम्मान किया जाएगा।

दैनिक नवज्योति Nagaur - 24 Jan 2026 - Page 6

## 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजन

# मतदान की दिलाई शपथ

### एसपी कार्यालय सहित जिले भर के पुलिस थानों में दिलाई शपथ

न्यूज सर्विस/नवज्योति, डीडवाना

जिले में 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के पूर्व आयोजित होने वाले कार्यक्रम के तहत जिले में पुलिस विभाग की ओर से शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एसपी, एएसपी कार्यालय सहित जिले भर के सभी पुलिस थानों में आयोजित हुआ, जहां पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को मताधिकार के प्रयोग की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मेरा भारत, मेरा वोट।थीम के तहत पुलिसकर्मियों ने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए निर्भीक, निष्पक्ष और जिम्मेदारी के साथ मतदान करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान सभी पुलिसकर्मियों ने यह शपथ ली कि वे स्वयं मतदान करेंगे और आमजन को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोकतंत्र में मतदान सबसे बड़ा अधिकार और कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग न केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी निभाता है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने में भी अहम भूमिका निभाता है। तोमर ने कहा कि ऐसे आयोजनों से पुलिसकर्मियों के साथ-साथ आम नागरिकों में भी मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी। इसी तरह राजकीय बांगड़ महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत निर्वाचन साक्षरता क्लब द्वारा प्रीझराष्ट्रीय मतदाता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं उन्हें मतदान के महत्त्व से अवगत कराना रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई गई। साथ ही विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी से निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, मतदाता जागरूकता प्रश्नोत्तरी तथा नाटक मंचन जैसे विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को निष्पक्ष एवं जिम्मेदार मतदान के प्रति प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संकाय सदस्यों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक का मतदान में भाग लेना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से अपने मताधिकार का विवेकपूर्ण उपयोग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लेकर मतदाता जागरूकता का संदेश समाज तक पहुँचाने का संकल्प लिया।



डीडवाना। बांगड़ महाविद्यालय में कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। कृष्ण मुरारी सर्राफ

दैनिक भास्कर
डीडवाना कुचामन भास्कर 24-01-2026

# राजकीय बांगड़ महाविद्यालय, डीडवाना में प्री-राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन

भास्कर न्यूज़|डीडवाना

राजकीय बांगड़ महाविद्यालय, डीडवाना में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत निर्वाचन साक्षरता क्लब द्वारा प्री-राष्ट्रीय मतदाता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं उन्हें मतदान के महत्त्व से अवगत कराना रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई गई। साथ ही विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी से निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, मतदाता जागरूकता प्रश्नोत्तरी तथा नाटक मंचन जैसे विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को निष्पक्ष एवं जिम्मेदार मतदान के प्रति प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संकाय सदस्यों ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक का मतदान में भाग लेना अत्यंत आवश्यक है।

# बसंत पंचमी, पराक्रम दिवस व राष्ट्रीय मतदाता दिवस आयोजित



लाडनूं. प्रतियोगिता का अवलोकन करते अतिथि व प्राचार्य।

**लाडनूं @ पत्रिका.** राजकीय कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को बसंत पंचमी, पराक्रम दिवस (नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती) एवं राष्ट्रीय मतदाता दिवस का संयुक्त आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गजादान चारण ने की। कार्यक्रम में आईक्यूएसी सदस्य मनोहर खान मोयल, दिव्या माथुर एवं डॉ. सुमन गोदारा उपस्थित रहीं। अतिथियों ने छात्राओं और स्टाफ की तैयारियों तथा प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को शैक्षणिक दृष्टि से उपयोगी बताया। इस दौरान राज्य स्तरीय मेगा पीटीएम एवं निपुण मेला कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट भी प्रदर्शित किया गया, जिसमें तकनीकी सहायक निहाल प्रजापत की भूमिका रही। बैठक व्यवस्था की जिम्मेदारी फौजी भवानीसिंह एवं सुनील कुमार लोहिया ने निभाई। इस अवसर पर महाविद्यालय की एएलसी एंबेसेडर शबनम बानो ने मतदान के प्रति जागरूक किया। मतदाता जागरूकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक 'मेरा वोट, मेरी जिम्मेदारी' का मंचन किया गया, जिसका निर्देशन डॉ. सारिका चूंडावत ने किया। निबंध प्रतियोगिता में अनिसा प्रथम, मनीषा सारण द्वितीय तथा मुस्कान और कोमल जानू संयुक्त रूप से तृतीय रहीं। पोस्टर प्रतियोगिता में सुमैया और असरा संयुक्त रूप से प्रथम, कल्पना भाटी द्वितीय तथा निकिता सैनी तृतीय स्थान पर रहीं। आशुभाषण प्रतियोगिता में अलिस्बा बड़गुजर प्रथम, कल्पना भाटी द्वितीय तथा पार्वती प्रजापत और असरा संयुक्त रूप से तृतीय रहीं।